तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 15.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, रविवार 17 नवंबर 2024



10 पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ खेलकूद भी जीवन के...



11 बाजार शेड निर्माण में गड़बड़ी का आरोप






## खबर संक्षेप



### प्रतिबंधित नशीली दवाओं का कारोबार है जोरों पर

**जगदलपुर।** नशे के दलदल में युवाओं का भविष्य बरबाद हो रहा है, शहर के कतिपय मेडिकल स्टोरों सहित ग्रामीण क्षेत्र में कुछ किराना दुकानों एवं पान ठेलों में धड़ल्ले से नशीले कैप्सूल और सीरफ बिक रहे हैं। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिबंधित नशीली टेबलेट की अवैध रूप से खरीदी-बिकी हो रही है। युवाओं के साथ ही बच्चे भी इसकी गिरफ्त में आते जा रहे हैं। नशीली दवाओं की गिरफ्त में कई बच्चे आ चुके हैं। मिली जानकारी के अनुसार शहर के धरमपुरा, बोधघाट चौक, कुम्हारपारा, आड़ावाल एवं ग्रामीण क्षेत्र नगरनार, सरगीपाल, लामनी में टेबलेट एलप्रेक्स, प्राक्सीवॉन कैप्सूल, रेक्सकॉफ बेधड़क बिक रहे हैं। बस्तर जिला दवा विक्रेता संघ के अध्यक्ष प्रशांत सरडे ने बताया कि मेडिकल स्टोर में नशीली दवाओं का बिक्री नहीं हो रही है। साथ ही मेडिकल दुकानों में डॉक्टर एवं अस्पताल के बिना पर्ची दवाएं नहीं दे रहे हैं। हर माह ड्रग इंसपेक्टर की टीम मेडिकल दुकानों में पहुंचकर निरीक्षण कर रहे हैं।

### यात्री बसों के अग्नि शामक यंत्र मिले खराब



**जगदलपुर।** बस्तर संभागीय मुख्यालय से रायपुर, कोंटा, किरंदुल, बीजापुर, भोपालपटनम, विशाखापटनम, उड़ीसा जाने वाले 250 यात्री बसें चल रही है, पर इसमें आधे से अधिक बसों में अग्निशमन यंत्र खराब है। इससे यात्रियों को बस में आग दुर्घटना होने की संभावना बढ़ी। इस पर सभी सड़कों में परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी की टीम की शेष पेज 10 पर

दो माह से मेडिकल कॉलेज की सिटीस्कैन मशीन खराब होने की परवाह नहीं

# बस्तर विकास प्राधिकरण की बैठक की आड़ में चित्रकोट में पिकनिक : मौर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

■ प्रेसवार्ता में कांग्रेस ने लगाए आरोप




राजीव भवन में शनिवार को प्रेसवार्ता में बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा कि बस्तर के विकास के लिए बस्तर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष के रूप में बस्तर के जनप्रतिनिधि को स्थान देने का कार्य भूपेश सरकार ने किया था ताकि बस्तर की समस्याओं से सीधे अवगत होकर जनप्रतिनिधि बस्तर के विकास की ओर गतिमान हो सके। वर्तमान में बस्तर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष स्वयं मुख्यमंत्री हैं। ऐसे में बस्तर विकास प्राधिकरण से बस्तर के विकास को किसी तरह का फायदा नहीं होने वाला इसलिए बस्तर विकास प्राधिकरण का अध्यक्ष बस्तर से जुड़े जनप्रतिनिधि को बनाएं। पहली बैठक करने में 11 महीने का समय लगा और अब जब बैठक हो रही है तो वह चित्रकोट के रिसोर्ट में हो रही है बस्तर विकास प्राधिकरण की बैठक के नाम पर साय सरकार पिकनिक मनाने की योजना बनाकर यह बैठक आहूत कर रही है। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष उदयनाथ जेम्स, उपनेता प्रतिपक्ष राजेश राय, रविशंकर तिवारी, लता निषाद, सहदेव नाग, जाहिद हुसैन, विशाल खम्बारी, सलीम जाफर अली, उस्मान रजा मौजूद रहे।

### मेडिकल कॉलेज का सिटी स्कैन 45 दिन से खराब

मौर्य ने कहा मेडिकल कॉलेज में सिटी स्केन की मशीनें पिछले 45 दिनों से बंद पड़ी है एक तरफ भाजपा जनजाति गौरव दिवस मना रही है। वहीं दूसरी ओर इस जनजाति के लोग इलाज के लिए तरस रहे हैं। केंद्र सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को सुगम बनाने के लिए जो पैसे आबंटित किए हैं जिसके माध्यम से स्वास्थ्य उपकरणों की खरीदी होनी है उसे खरीदी में हो रही लेट लतीफी का परिणाम बस्तर की जनता भुगतने को मजबूर है आज अस्पतालों में अव्यवस्थाओं का अंबार है साय सरकार इन अनिमितताओं को तत्काल दूर करें।

### डीएमएफ फंड नीति में बदलाव बस्तर के साथ किया अन्याय

डीएमएफटी फंड बस्तर के सर्वांगीण विकास के लिए मील का पत्थर साबित होता आया है परंतु मोदी सरकार की नई डीमएफ नीति बस्तर के सर्वांगीण विकास के लिए बाधा बन गया है। बस्तर के समूचे विकास के लिए पूर्व की नीति को केंद्र सरकार को अपनाना चाहिए। जिससे बस्तर के लोगों इसका पूर्ण लाभ मिल सके।

# संभाग स्तरीय मसीही समाज संवाद में कब्रिस्तान जमीन समस्या पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर



■ मैंगो गार्डन में जुटे मसीही समाज के लोग

मैंगो गार्डन में 16 नवंबर को संभाग स्तरीय मसीही समाज संवाद का आयोजन किया गया। जिसमें बस्तर के सभी जिले तहसील एवं ग्रामीण क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। जारी बयान में ब्लेस बस्तर महोत्सव के सचिव जितेंद्र फाउंलर में बताया कि इस दौरान सभी ने ब्लेस बस्तर प्राथर्ना महोत्सव की निरस्त को बहाल करने के साथ समाज के लिए कब्रिस्तान की गंभीर आवश्यकता, इसे एनओसी नहीं दिए जाने, जिसके चलते गांव-गांव में मृत मसीही जनों के ससम्मान दफन किये जाने को लेकर मारपीट, टकराव की स्थिति बन रही है। इस गंभीर समस्या के स्थायी निराकरण एवं बस्तर में निजी स्वार्थ को लेकर सांप्रदायिक शक्तियों द्वारा जिस तरह से ईसाई समुदाय के बीच दबाव और तनाव की स्थिति निर्मित किया जा रहा है उसे शिथिल करने चिंतन मंथन किया गया। संवाद में मसीहियों ने एक स्वर में कहा जो भी किया जाएगा उसमें मसीही सदैव प्रशासन के नियमों की अनुमति व शांति से पालन किया जाता रहा है आगे भी किया जाएगा। इस दौरान ब्लेस बस्तर के मुख्य संयोजक सुदेश जेकब, सचिव जितेंद्र फॉउलर, शैलेंद्र शाह, सलाहकार शेष पेज 10 पर


## पाठक सूचना

**हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124


# संभाग की 11 मंडियों में धान के अवैध परिवहन रोकने बनी टीम



**जगदलपुर।** शासन के निर्देश पर धान खरीदी शुरू होने के चलते बस्तर संभाग के 11 मंडियों में अवैध धान का परिवहन रोकने के लिए टीम गठित की गई है। मंडी के प्रवेश में धान से जुड़े वाहनों की जांच की जा रही है। संभाग के सातों जिले के जगदलपुर, कोंडागांव, केशकाल, कांकेर, चारामा, संबलपुर, पखांजुर, गीदम, कोंटा, नारायणपुर एवं बीजापुर कृषि उपज मंडी क्षेत्र में जिला प्रशासन के निर्देश पर धान खरीदी के लिए अवैध धान का परिवहन रोकने की टीम में मंडी, खाद्य, राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी, कर्मचारी शामिल है। कृषि उपज मंडी के निरीक्षक साप्ताहिक बाजार पहुंच कर उपज की जांच की जा रही है। साथ ही क्षेत्र के साप्ताहिक बाजार में व्यापारियों के लायसेंस की जांच की जा रही है। बस्तर जिले के सीमावर्ती राज्य में धनपूंजी, कोंटा, भोपालपटम के पास बेरियर में टीम तैनात किया गया है। मंडी का लायसेंस नहीं होने पर मंडी के नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड बस्तर संभाग के प्रभारी संयुक्त संचालक केएल मंडावी ने निर्देश दिया कि मंडी क्षेत्र में अन्य प्रांतो, अंतर जिला से धान लाना प्रतिबंधित है। उल्लंघन की स्थिति में कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 की धारा 23 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जाएगी।

# दो घरों में पेट्रोल रिसाव की घटना पर 21 जगहों का लिया गया सैंपल



**दंतेवाड़ा।** विगत दिनों गीदम के वार्ड नंबर 12 में दो घरों में कुएं से पानी की जगह पेट्रोल की रिसाव की घटना सामने आने पर जिला प्रशासन की टीम द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच के बाद प्रशासन ने तत्काल पेट्रोल पंप को बंद करवाने की साथ ही आसपास के इलाके को सील कर दिया था। लोगों की इस इलाके में आवाजाही पर रोक लगाने के साथ ही फायर बिग्रेड एवं बिजली विभाग की टीम को भी इस स्थल पर तैनाती की गयी। इसके साथ ही वार्ड के कुल 21 जगहों के पानी का सैंपल लिया गया जिसमें किसी भी सैंपल में पेट्रोल गंध नहीं पाया गया। साथ ही एच ऑयल फाइंडिंग टेस्ट में भी कुछ नहीं मिला इस प्रकार कहीं से कोई और शिकायत की सूचना नहीं है और ना ही अस्पताल में बदहजमी अथवा उल्टी के मामले है। सभी सैंपलों को टेस्टिंग के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को भेजा गया है। जिला प्रशासन द्वारा मेसर्स मां दंतेश्वरी पेट्रोल पंप, गीदम की ग्राउंड टैंक में रिसाव से संभावित आपदा के संबंध में निर्देश जारी किये गए है कि इस घटना के संबंध में गीदम क्षेत्र में कोई हानि या दुर्घटना होती है, तो समस्त जवाबदारी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड की होगी। साथ ही उक्त रिसाव से प्रभावित क्षेत्रों का आंकलन कर त्वरित सुरक्षात्मक कदम उठाने के अलावा उक्त प्रभावित स्थल में राज्य स्तरीय दल से परीक्षण कराते हुए प्रभावित क्षेत्र हेतु तत्काल उपचारात्मक कदम उठाना सुनिश्चित करने को कहा गया है।




## खबर संक्षेप



### केशकाल घाटी के कार्य में तेजी लाने के कड़े निर्देश

कोण्डागांव। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने केशकाल घाटी पहुंचकर उन्नयन कार्य का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने एनएच के अधिकारियों और ठेकेदार को युद्धस्तर पर कार्य करते हुए निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। घाटी के निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्रांक्रीटिकरण और डामरीकरण कार्य को देखा और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने को कहा। उन्होंने ठेकेदार को निर्देशित किया कि लेबर की संख्या बढ़ाते हुए कार्य में तेजी लाएं। साथ ही उन्होंने डस्ट को जल्द हटाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एस डी एम केशकाल अंकित चौहान सहित एन एच के अधिकारी उपस्थित रहे।

### देवनाथ उइके का राज्य स्तरीय खो-खो स्पर्धा के लिए चयन

कोण्डागांव। शासकीय गुंडाधूर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोण्डागांव के बी.ए. प्रथम वर्ष के छात्र देवनाथ उइके का चयन राज्य स्तरीय खो–खो पुरुष प्रतियोगिता के लिए हुआ है। देवनाथ छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में बस्तर सेक्टर का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह प्रतियोगिता 20 से 21 नवंबर 2024 तक शासकीय वी.वाई.टी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में आयोजित की जाएगी, जिसमें राज्य के कुल 10 सेक्टर की टीमें हिस्सा लेंगी। प्रतियोगिता से पहले खिलाड़ियों के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 17 से 19 नवंबर 2024 तक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नारायणपुर में किया जाएगा। महाविद्यालय के खेल अधिकारी एच.आर. यदु ने बताया कि महाविद्यालय में अक्टूबर और नवंबर माह में खो–खो सहित विभिन्न खेलों का नियमित अभ्यास कराया गया है। इसी मेहनत का परिणाम है कि महाविद्यालय के छात्र–छात्राएं खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं।



देवनाथ के इस चयन पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सी.आर. पटेल, समस्त प्राध्यापक, अधिकारी एवं कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त किया हैं। देवनाथ ने अपने चयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उनका लक्ष्य राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर महाविद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करना है।

# गोदामों में छापामार कार्रवाई, 926 बोरा अवैध धान जब्त, संयुक्त अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

खरीफ विपणन वर्ष 2024–25 के अंतर्गत धान उपार्जन कार्य को सुचारू और पारदर्शी बनाए रखने के लिए कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार जिले में धान के अवैध परिवहन और भंडारण को रोकने के लिए सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में राजस्व विभाग और खाद्य एवं मंडी विभाग के संयुक्त जांच दल ने फरसगांव अनुविभाग के विभिन्न गोदामों में छापेमारी और जांच की। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व फरसगांव अश्वनी कुमार पुसाम के नेतृत्व में जांच दल ने कई थोक और फुटकर व्यापारियों के गोदामों की जांच की। बाबा राइस मिल फरसगांव में स्टॉक पंजी के अनुसार 1653.51 क्विंटल धान का रिकॉर्ड था। लेकिन भौतिक सत्यापन के दौरान 1968.51 क्विंटल धान पाया गया। इसमें से 315 क्विंटल 786 बोरे धान अनधिकृत रूप से संग्रहित पाया गया। जांच दल ने इस पर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जांच दल ने स्पष्ट किया कि धान के अवैध परिवहन और भंडारण में लिप्त पाए जाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कहा कि धान उपार्जन प्रक्रिया की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए जिले में नियमित रूप से इस प्रकार की जांच की जाएगी। अवैध धान के आवक को पूरी तरह रोकने के लिए प्रशासन कटिबद्ध है।

**धान के अवैध परिवहन और भंडारण की रोकथाम के लिए राजस्व, खाद्य और मंडी विभाग का अभियान जारी**

### बड़ेडोंगर गोदाम में भी अवैध धान जब्त

इसी तरह, मे. लखन प्रसाद साहू बड़ेडोंगर के गोदाम में 140 बोरा धान लगभग 56 क्विंटल बिना मंडी अभिलेख के पाया गया। जांच दल ने इसे मंडी अधिनियम का उल्लंघन मानते हुए अवैध धान को जब्त कर लिया।



### जांच दल में अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी

जांच के दौरान तहसीलदार फरसगांव डॉ. कुमार, नायब तहसीलदार सुश्री निधि एस. नेताम, सहायक खाद्य अधिकारी उत्तम जगत, मंडी निरीक्षक हरिशचंद बघेल, हल्का पटवारी फरसगांव पवन कुमार नेताम और हल्का पटवारी बड़ेडोंगर दिनेश राणा उपस्थित रहे। इन अधिकारियों ने गोदामों के अभिलेखों की गहन जांच की और भौतिक सत्यापन सुनिश्चित किया।

**समारोह : बस्तर ओलंपिक 2024 के समापन समारोह में शामिल हुए वन मंत्री**

# पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ खेलकूद भी जीवन के लिए है महत्वपूर्ण : केदार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारायणपुर

जनजातीय बाहुल्य और माओवाद प्रभावित बस्तर संभाग में खेल के माध्यम से विकास और संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा बस्तर ओलंपिक 2024 का आयोजन किया गया। इस आयोजन को लेकर युवाओं में विशेष उत्साह देखा गया, जिसमें सुदूर गांवों से आए युवा अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया गया। मुख्यमंत्री साय ने इस पहल को जनजातीय संस्कृति और पारंपरिक खेलों के संरक्षण के साथ ही युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण प्रयास बताया है।

> ■ जिले के दूरस्थ अंचल के खिलाड़ियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया

जिले में विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 09 से 16 नवंबर तक किया गया, जिसमें नारायणपुर विकासखंड हेतु प्रतियोगिता का आयोजन 09 से 11 नवंबर तक परेड ग्राउंड और खेल परिसर में किया गया, जिसमें जिले के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ओरछा विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता 14 से 16 नवंबर तक आयोजन किया गया। आज विकासखण्ड स्तरीय बस्तर ओलंपिक के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य सरकार के वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास, सहकारिता और संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप शामिल हुए। मंत्री केदार कश्यप के द्वारा बस्तर ओलंपिक 2024 के विकासखंड ओरछा के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-





साथ जीवन में खेल भी महत्वपूर्ण होता है। इसलिए खेल में लक्ष्य निर्धारित कर अपने जीवन को आगे बढ़ाने के लिए परिश्रम करना आवश्यक है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप गांव के प्रतिभाओं को निखारने का अच्छा समय मिला है इस अवसर का फायदा उठाते हुए राज्य स्तर तक पहुंचने का लक्ष्य निर्धारित कर खेल के क्षेत्र में आगे बढ़े। खिलाड़ियों को हमेशा खेल भावना के साथ खेलकर अपने अनुशासन का परिचय देना चाहिए। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि अबूझमाड़ क्षेत्र के बच्चों ने मलखम्भ खेलों का हुंनरबाज बनकर देश के कई शहरों में प्रदर्शन कर अपने अबूझमाड़ का नाम रोशन किया है। समापन अवसर रुदाय वडडे एवं उनके साथियों तथा सुमीता कोर्राम एवं उनके साथियों के बीच रस्साकसी का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम स्थान रुदाय वडडे की टीम एवं द्वितीय स्थान सुमीता कोर्राम की टीम ने प्राप्त किया। आयोजन में सहभागिता प्रदान करने वाले खिलाड़ियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्तकर्ता खिलाड़ी को पुरस्कार स्वरूप मोमेंटों, ट्राफी, प्रमाण पत्र और गणवेश भी प्रदाय किया गया। आयोजन में भाग लेने वाले समस्त प्रतिभागियों को समहभागित प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया। विकासखण्ड ओरछा अंतर्गत आयोजित खेल में 100 मीटर दौड़ अंतर्गत सीनीयर पुरूष वर्ग में प्रथम स्थान कमलू नुरेटी, द्वितीय राकेश कुमार, तृतीय विवके मरकाम, महिला सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान धनबती राना, द्वितीय रमोली, तृतीय दिनेश्वरी, 200 मीटर दौड़ अंतर्गत पुरूष वर्ग में प्रथम स्थान कमलूराम नुरेटी, द्वतीय राकेश कुमार, तृतीय राजेश, महिला वर्ग में प्रथम धनबती राना, द्वितीय रमोली, तृतीय जैनी नुरेटी, 400 मीटर दौड़ अंतर्गत पुरूष वर्ग में प्रथम स्थान लक्ष्मण पोटाई, द्वितीय धनसिंग वड्डे, तृतीय कमलूराम, महिला वर्ग में प्रथम स्थान सावित्री, द्वितीय विमला मण्डावी, तृतीय अंजू, गोला फेंक अंतर्गत सीनियर पुरूष वर्ग में प्रथम स्थान सुकलू उसेण्डी, द्वितीय पिलेश, तृतीय नीरज उसेण्डी, महिला वर्ग में प्रथम स्थान रोशनी उसेण्डी, द्वितीय सरस्वती यादव, तृतीय जैनी नुरेटी, उंची कुद अंतर्गत पुरूष वर्ग में प्रथम स्थान ललित कुमार वडडे, द्वितीय भीम कोर्राम, तृतीय राकेश कोर्राम, महिला वर्ग में प्रथम स्थान सुमिता कोर्राम, द्वितीय सपीना कोर्राम, तृतीय रोशनी उसेण्डी, लंबी कूद अंतर्गत पुरूष वर्ग में प्रथम स्थान रामजी, द्वितीय रोहित, तृतीय सुरेन्द्र, महिला वर्ग में पथम स्थान सावित्री, द्वितीय जैनी नुरेटी, तृतीय विमला दुग्गा, तवा फेंक अंतर्गत पुरूष वर्ग में मुकेश, द्वितीय निरज उसेण्डी, तृतीय असवन कुमार, महिला वर्ग में प्रथम सुमिता, द्वितीय रमोली, तृतीय रासो, 400 मीटर रिले अंतर्गत पुरूष वर्ग में प्रथम स्थान श्रवण कुमार नुरेटी, विवके मरकाम, वैभव ठाकु र, नीरज उसेण्डी, द्वितीय स्थान धनसिंग वडडे, लक्ष्मण कुमार मण्डावी, विजय कुमार उसेण्डी, लक्ष्मण कुमार पोयाम, तृतीय संतराम कोर्राम, रामजी कोर्राम, सुरेन्द्र गोटा, राजेश कोर्राम, महिला वर्ग में पथम स्थान रैयमती, धनबती, जैनी, मनीषा, द्वितीय स्थान सावित्री, देलेश्वरी, रवीना, किरन, भाला फेंक अंतर्गत पुरूष वर्ग में प्रथम स्थान मनोज सलाम, द्वितीय सुखलू उसेण्डी, तृतीय असवन कुमार, बैडमिंटन (एकल) अंतर्गत पुरूष वर्ग में प्रथम स्थान रजनू मण्डावी, द्वितीय संजय गोटा और तृतीय स्थान अरूण कचलाम ने प्राप्त किया।

कार्यक्रम में सर्व आदिवासी समाज के संरक्षक रूपसाय सलाम, जिला पंचायत सदस्य प्रताप मण्डावी, पार्षद जैकी कश्यप, जयप्रकाश शर्मा, सरपंच कानागांव मगंडूराम नुरेटी, बृजमोहन देवांगन, नरेंद्र मेश्राम, संदीप झा, संजय नंदी, प्रीतेश जैन, नारायण मरकाम, रीता मण्डल, कलेक्टर बिपिन मांझी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत वासु जैन, डिप्टी कलेक्टर डॉ. सुमित गर्ग, एसडीएम अभयजीत मण्डावी, सहायक आयुक्त राजेंद्र सिंह सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# मंत्री कश्यप ने नारायणपुर को करोड़ों की सौगात दी और भवनों का लोकार्पण किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारायणपुर

राज्य सरकार के वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास, सहकारिता और संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप ने नारायणपुर के एक दिवसीय भ्रमण के दौरान 2 करोड़ 12 लाख रूपये के निर्माण कार्यों लोकार्पण एवं 65 करोड़ 5 लाख रूपये का भूमिपूजन कर जिले वासियों को सौगत दी। उन्होंने राहत शिविर भवन निर्माण हेतु 1 करोड़ 50 लाख रूपये, शबरी एम्पोरियम का नवनीकरण कार्य हेतु 24 लाख 52 हजार रूपये, कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय 100 सीटर हेतु 37 लाख 70 हजार रूपये से निर्मित भवनों का लोकापर्ण किया। उन्होंने कस्तुरमेटा से इकपाड़ सड़क निर्माण हेतु 2 करोड़ 19 लाख 94 हजार रूपये, कस्तुरमेटा कुतुल रोड से तोके सड़क निर्माण हेतु 10 करोड़ 32 लाख 38 हजार रूपये, सोनपुर मसपुर रोड से तुमेरादि सड़क निर्माण हेतु 14 करोड़ 58 लाख 98 हजार रूपये, सोनपुर से ऐहनार सड़क निर्माण हेतु 4 करोड़ 32 लाख 60 हजार रूपये, कड़ेमेटा से कोडोली



सड़क निर्माण हेतु 18 करोड़ 78 लाख 64 हजार रूपये और कस्तुरमेटा से मकसोली सड़क निर्माण हेतु 18 करोड़ 67 लाख 41 हजार रूपये से निर्माण हेतु भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर इस अवसर पर सर्व आदिवासी समाज के संरक्षक रूपसाय सलाम, जिला पंचायत सदस्य प्रताप मण्डावी, पार्षद जैकी कश्यप, सरपंच कानागांव मगंडूराम नुरेटी, बृजमोहन देवांगन, नरेंद्र मेश्राम, प्रीतेश जैन, नारायण मरकाम, रीता मण्डल, कलेक्ट बिपिन मांझी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत वासु जैन, अपर कलेक्टर बीरेंद्र बहादुर पंचभाई, एसडीएम अभयजीत मण्डावी, सहायक आयुक्त राजेंद्र सिंह सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### अभा फुटबॉल स्पर्धा का समापन आज

जगदलपुर। जिला फुटबॉल संघ की ओर से अखिल भारतीय फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन समारोह रविवार की दोपहर एक बजे शहर के इंदिरा प्रियदर्शनी स्टेडियम में किया जाएगा। समारोह में मुख्य अतिथि खेल एवं युवा कल्याण, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंक राम वर्मा, अध्यक्षता वन मंत्री केदार कश्यप, विशिष्ट अतिथि बसतर विकास प्राधिकरण एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी, सांसद महेश कश्यप, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंह देव, विधायक विनायक गोयल, लखेश्वर बघेल, महापौर श्रीमती सफीरा साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वेदवती कश्यप एवं जिला पंचायत के उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप रहेंगे।

# तीन दिनी सत्य साईं बाबा जन्मोत्सव 23 तक, शोभायात्रा आज निकालेंगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

भगवान श्री सत्य साई बाबा का 99 वें जन्मोत्सव समारोह 17 से 23 नवंबर तक संपूर्ण विश्व में साप्ताहिक कार्यक्रम के रूप में मनाया जाएगा। जिसके तहत बस्तर संभाग के सभी समिति एवं भजन मंडली में भी विधिवत कार्यक्रम किया जाएगा। श्री सत्य साई सेवा समिति द्वारा 17 नवंबर को साई मंदिर से दोपहर 2 बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी जो शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए पुनः मंदिर में संपन्न होगी। शहर के मोती तालाब पर स्थित श्री सत्य साई सेवा समिति द्वारा 17 से 23 नवंबर तक प्रतिदिन शाम 6 से संध्या 6.30 तक, वेद पाठ संध्या 6.30 से संध्या 7 बजे तक, सामूहिक भजन संध्या 7 बजे से संध्या 7.20 तक से बाबा का संदेश एवं वीडियो-शो संध्या 7.20 से रात्रि 7.55 तक बाल विकास बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति किया जाएगा। तत्पश्चात सभी बच्चों को प्रोत्साहित एवं पुरस्कृत किया जाएगा एवं रात्रि 7.55 से रात्रि 8 महामंगल आरती एवं प्रसाद वितरण होगा। 19 नवंबर को रक्तदान शिविर का आयोजन महारानी अस्पताल में प्रातः 9 बजे से संध्या 5 तक किया गया है और मंदिर में महिला दिवस के रूप में मनाया जाएगा। 23 नवंबर को मंदिर में सुबह 5.30 पर ओमकाराम एवं सुप्रभातम किया जाएगा। श्री सत्य साई सेवा संगठन जिला आईटीआई प्रभारी मुकेश रायकवार ने जानकारी दी।

# बस्तर रेल लाइन के लिए आंदोलन करना पड़े तो जरूर करूंगा : कश्यप

जगदलपुर। बस्तर की रेल मांगों को लेकर हाई कमान से मुलाकात करूंगा ओर काम न होने पर आंदोलन करने की बात भी रखूंगा। उक्त बातें सांसद महेश कश्यप ने शहर के आकांक्षा होटल में आयोजित बैठक में कही। उन्होंने कहा कि बस्तर में रेल का विकास होगा। बस्तर के सांसद के रुप में जैसे ही मैं निर्वाचित हुआ मैंने बस्तर के रेल मुद्दे को दिल्ली सदन में उठाया है। विशाखापट्नम और रायपुर में रेल मंडल के अधिकारियों के साथ बैठक कर कई विषयों पर चर्चा कर शीघ्र पूरा करने की मांग किया था। केंद्र से रेल लाईन व डीपीआर के लिए पास स्वीकृति पर नई रेल लाइन के डीपीआर




के लिए राशि स्वीकृत हुई। छत्तीसगढ़ के विकास की गाथा लिखने का कार्य अटल बिहारी बाजपेयी ने किया है। धमतरी से फोरलेन की स्वीकृति मिली है, ओवरब्रिज भी स्वीकृत हुई हैं। 60 प्रश्न मैंने अभी आगे सत्र में लगाने के लिए रखा है। जिसमे रेल, इन्द्रावती जीवन दायिनी सहित अन्य विषय है। जिनका उल्लेख आगामी सत्र में होगा।

### पेज 9 के शेष

#### यात्री बसों के ....

ओर से चल रही यात्री बसों की जांच की जा रही है। जांच के दौरान टीम को यात्री बसों में अग्निशमन यंत्र खराब मिलने पर टीम ने जुर्माना की जा रही है। उड़नदस्ता प्रभारी की टीम की ओर से सड़कों में यात्री बसों की जांच की सूचना मिलते ही चालक दूसरे रोड से भाग रहे और कुछ चालकों ने बहाना कर जांच से पूर्व की बस को रोके रखा। परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी एवं निरीक्षक अनुपम पटेल ने बताया कि यात्री बसों में अग्निशमन यंत्र खराब होने से आग दुर्घटना की संभावना बढ़ने से अन्य वाहनों की जांच की जा रही है। वाहनें से नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों एवं मालिकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

#### संभाग स्तरीय ....

नवनीत चांद, कविता साहू, शेमियल नाथ,पास्टर रविदास, पोस्टर अयूब चरण, डी एस मनोज बाग, पास्टर विनीत डेविड, पास्टर सिद्धांत सिन्हा, अनिमेष दास, जॉन नाथ, संकल्प दुबे, हेलिना मोसेस, कमल नाग, हारून दास, मुकेश बघेल, विजय थोबी, सी आर बघेल, इसाक दास, युसूफ सिंह,डेनियल कश्यप एवं बस्तर संभाग के सभी मसीह समाज के विश्वासी, लीडर, पास्टर उपस्थित थे। सीएम के सामने रखी जाएगी समस्या : गत दिवस प्रशासनिक अधिकारियों से मुलाकात के बाद भी कोई निदान नहीं निकलने पश्चात मैंगो गार्डन में मसीही समुदाय एकत्रित हुए और समाज में मौजूदा समस्याओं के निराकरण और बस्तर में शांति भाईचारे के लिए गंभीर चिंतन मंथन हुआ जिसमें सभी ने अपनी बातों, सुझाव को सामने रखा। आगामी दिनों में मुख्यमंत्री का आगमन बस्तर में है। समाज उनके समक्ष अपनी पीड़ा और हो रहे अन्याय के विरुद्ध प्रदर्शन के साथ अपनी बात रखेगा।

# कलेक्टर ने कस्टम मिलिंग की प्रक्रिया को सुचारु बनाने राइस मिलर्स की बैठक ली



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने शुक्रवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिले के राइस मिलर्स की एक अहम बैठक का आयोजन किया। यह बैठक खरीफ विपणन वर्ष 2024–25 के दौरान धान उपार्जन और कस्टम मिलिंग से संबंधित प्रक्रिया को सुचारू बनाने के उद्देश्य से आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने शासन द्वारा जारी दिशा–निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी और सभी राइस मिलर्स को 30 नवम्बर 2024 तक अनिवार्य रूप से पंजीयन कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पंजीयन प्रक्रिया में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और समय सीमा का पालन सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। कलेक्टर ने कहा कि धान उपार्जन कार्य को सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए मिलर्स का सहयोग महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी मिलर्स से अपील की कि वे प्रशासन के साथ तालमेल बनाकर काम करें, ताकि धान संग्रहण और कस्टम मिलिंग कार्य समयबद्ध और प्रभावी तरीके से पूरा हो सके। बैठक के दौरान राइस मिलर्स ने अपनी समस्याओं को कलेक्टर के समक्ष रखा। इनमें से प्रमुख समस्याओं में मिलिंग प्रक्रिया के दौरान बिजली आपूर्ति में रुकावट, परिवहन में आ रही समस्याएं, मिलिंग के लिए समय पर खाली बोरे उपलब्ध न होना और भुगतान में देरी शामिल थीं। कलेक्टर श्री दुदावत ने इन समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे इनका शीघ्र समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रशासन मिलर्स को हरसंभव मदद करेगा, ताकि उपार्जन और मिलिंग प्रक्रिया में कोई बाधा उत्पन्न न हो। कलेक्टर ने यह भी जोर दिया कि उपार्जन और कस्टम मिलिंग की प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा तय मानकों का पालन करना सभी की जिम्मेदारी है और किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर जिला खाद्य अधिकारी, नागरिक आपूर्ति निगम के प्रतिनिधि और कई अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। उन्होंने मिलर्स को कस्टम मिलिंग से संबंधित तकनीकी और प्रक्रियात्मक जानकारी दी। कलेक्टर ने सभी उपस्थित राइस मिलर्स का धन्यवाद किया और आश्वासन दिया कि प्रशासन और मिलर्स के संयुक्त प्रयासों से जिले में धान उपार्जन कार्य को सफलतापूर्वक पूरा किया जाएगा।



# बालेगा शाला समिति के कार्यक्रम में बालिका कबड्डी टीम सम्मानित

कोण्डागांव। शनिवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बालेगा के डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम पुस्तकालय में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की आवश्यक बैठक सह दीपावली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण में बस्तर ओलंपिक में कबड्डी में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली बालिका टीम और कबड्डी बालक वर्ग के प्रतिभागियों का सम्मान शामिल था। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष कुंवर सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष सुरेंद्र देवांगन, सांसद प्रतिनिधि जगन्नाथ मानिकपुरी, विधायक प्रतिनिधि ऋषभ देवांगन, मोहन सेठिया, नंद कुमार कौशल, सरस्वती सेठिया और ग्राम सचिव दीवान सर के करकमलों से विजेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। विधायक प्रतिनिधि ऋषभ देवांगन ने खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए बालक और बालिका दोनों वगोंर् को 500–500 का नकद पुरस्कार प्रदान किया। इस उदार योगदान के लिए विद्यालय परिवार ने उनका हार्दिक आभार व्यक्त किया। प्राचार्य ने बैठक के दौरान उपस्थित सभी सदस्यों को अपार आईडी और जाति प्रमाण पत्र की वर्तमान स्थिति की जानकारी दी। इस अवसर पर दीपावली मिलन का आयोजन हुआ।

# जननायक बिरसा मुंडा के पराक्रम व शौर्य का जयंती समारोह में यशोगान किया गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

बाबा साहेब सेवा संस्था ने अंबेडकर चौक स्थित अपने कार्यालय में शुक्रवार की शाम 7 बजे जननायक और क्रांतिसूर्य बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती समारोहपूर्वक मनाई। इस अवसर पर बिरसा मुंडा के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण और जयघोष कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में उनके समाज सुधार कार्यों, स्वतंत्रता संग्राम में योगदान और जल, जंगल, जमीन के संरक्षण के लिए किए गए संघर्ष को याद किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने बिरसा मुंडा को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी योद्धाओं में से एक बताते हुए उनके विचारों और आदर्शों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा ने न केवल आदिवासी समाज में जागरूकता फैलाई, बल्कि अपने जल, जंगल और जमीन के अधिकारों की रक्षा के लिए भी साहसिक आंदोलन चलाया। उनका जीवन संघर्ष और प्रेरणा का प्रतीक है।



> ■ बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई

### मौजूद रहे ये

कार्यक्रम में तिलक पांडे, मुकेश मार्कंडेय, रमेश पोयाम, ओमप्रकाश नाग, विरेंद्र नेताम, हितेंद्र श्रीवास, अनूप विश्वास प्राचार्य, देवानंद चौरे और कु. उज्वला पोयाम सहित संस्था के कई पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।

### संस्था के पदाधिकारियों की सहभागिता

इस अवसर पर बाबा साहेब सेवा संस्था के संरक्षक तिलक पांडे ने बिरसा मुंडा की समाज के प्रति सेवा और उनके अदम्य साहस को सराहा। संस्था के अध्यक्ष मुकेश मार्कंडेय ने कहा कि बिरसा मुंडा ने अपने अल्पायु में ही समाज को एक नई दिशा देने का कार्य किया और हमें उनके दिखाए रास्ते पर चलने की प्रेरणा लेनी चाहिए। अन्य वक्ताओं में रमेश पोयाम, ओमप्रकाश नाग, विरेंद्र नेताम, हितेंद्र श्रीवास, अनूप विश्वास प्राचार्य, देवानंद चौरे, और कु. उज्ज्वला पोयाम ने भी बिरसा मुंडा के जीवन और उनकी विचारधारा पर अपने विचार रखे। सभी ने उनकी जयंती को मनाने का उद्देश्य उनके योगदान और बलिदानों को नई पीढ़ी तक पहुंचाना बताया।

### जल जंगल जमीन बचाना है

संस्था के पदाधिकारियों ने इस अवसर पर कहा कि बिरसा मुंडा की जयंती केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं है, बल्कि समाज में उनके द्वारा किए गए कायोंर् और उनके बलिदान को समझने और आत्मसात करने का दिन है। उन्होंने उनके जल, जंगल और जमीन के आंदोलन को आधुनिक संदर्भ में भी प्रासंगिक बताते हुए कहा कि यह हमें पर्यावरण और संसाधनों के संरक्षण का संदेश देता है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने जननायक बिरसा मुंडा के दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया और समाज में उनकी विरासत को आगे बढाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।



## खबर संक्षेप

### इंटर स्कूल फुटबाल स्पर्धा में 16 टीमों ने लिया भाग



जगदलपुर। क्राइस्ट कॉलेज द्वारा दो दिवसीय इंटर स्कूल फुटबाल टूर्नामेंट 16 नवम्बर को कॉलेज प्रबंधक द्वारा आयोजित किया गया है। प्रतियोगिता में संभाग भर से 16 टीम ने भाग लिया। प्रथम मैच भानुप्रतापुर सेंट जोसेफ स्कूल विरुद्ध विद्या ज्योति स्कूल द्वारा खेला गया जिसमें भानुप्रतापपुर विजय हुई। आज 8 मैच खेला गया। कांकेर, बचेली, बोरगांव, दंतेवाड़ा, बीजापुर, नारायणपुर, दीप्ति जगदलपुर संस्कार द गुरुकुल निर्मल विद्यालय, एम जी एम, कृष्ण विकास स्कूलों की टीमों ने भाग लिया है। टूनामेंट का प्रथम पुरस्कार 20 हजार एवं ट्रॉफी व 10 हजार और बेस्ट गोल कीपर के लिए एक हजार व गोल्प्स बेस्ट प्लेयर के लिए एक हजार रुपए व बूट रखा गया है।

### शाला के बच्चों को मिला लेखन सामग्री



जगदलपुर। बाल दिवस के उपलक्ष्य में रोटरी क्लब एवं रोट्रेक्ट क्लब जगदलपुर द्वारा शासकीय उच्च प्राथमिक शाला घाटपदमुर में शाला के बच्चों को लेखन सामग्री जैसे कॉपी, पेंसिल, रबर, ड्राइंग बुक, क्रेयॉन्स, शार्पनर इत्यादि बाटा गया,साथ ही शाला को दान स्वरूप उनके पुस्तकालय के लिए अलमारी और चार पंखे दान में दिए गए। शाला के बच्चों द्वारा संस्कृतिक कार्यक्रम भी रखे गए थे। इस दौरान रोटरी क्लब से अध्यक्ष विवेक सोनी, एस एन अग्रवाल, दिनेश कागोत, संदीप पारख, अमित जैन, संग्राम सिंह राणा एवं अन्य उपस्थित थे। वहीं रोटरेक्ट क्लब की और से अध्यक्ष दिव्यांश सिंघल, अमन मोदी, आशय मोदी, राहुल साहू, गौरव अयंगर एवं अन्य मौजूद थे।

### बाल दिवस पर मनमोहक कार्यक्रम की प्रस्तुति



जगदलपुर। शासकीय हाई स्कूल केवरामुंडा में शुक्रवार को पं. जवाहर लाल नेहरू जयंती पर बालदिवस कार्यक्रम और शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की बैठक हुई। बच्चों के द्वारा विभिन्न मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिगंबर राव एवं एसएमसी सदस्य शैलेश श्रीवास्तव के उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि द्वारा अपने बचपन की सुनहरी यादों को बच्चों के साथ साझा किया। शैलेश ने चाचा नेहरू के छत्तीसगढ़ (भिलाई) एवं ऐतिहासिक बस्तर आगमन पर प्रकाश डाला। शाला के प्राचार्य बीके श्रीवास्तव ने बालदिवस मनाने का उद्देश्य बच्चों को बताया। शाला के सभी शिक्षकों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में उर्मिला शर्मा एवं पीएन राय विशिष्ट अतिथि के रूप मे शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन इंद्र कुमार झा एवं आभार प्रदर्शन रोहित सोनवानी ने किया।

### कैबिनेट मंत्री ने बिरसा मुंडा जयंती पर किया नमन

# धरमपुरा कॉलेज चौक पर आदमकद मूर्ति की होगी स्थापना : केदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस भगवान बिरसा मुंडा के 150 जयंती के पावन अवसर पर धरमपुरा कॉलेज मैदान में भव्य आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य

■ बच्चों और स्थानीय कलाकारों ने आदिवासी सांस्कृतिक कार्यक्रम में दी मनमोहन प्रस्तुति

अतिथि के रूप में शामिल हुए कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप का जनजातीय समाज ने भव्य स्वागत किया। राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस पर मंत्री केदार कश्यप ने धरमपुरा कॉलेज चौंक पर धरती आंबा बिरसा मुंडा की आदमकद मुर्ती स्थापना करने की घोषणा किए। इस कार्यक्रम बीच स्कूली बच्चों और स्थानीय कलाकारों ने आदिवासी सांस्कृतिक के मनमोहन प्रस्तुतियां दीं। पश्चात अपने संबोधन में जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए हुई उनकी शहादत को नमन किया। सर्व समाज को संबोधित करते हुए कहा अपने अधिकार एवं सांस्कृतिक बचायें रखना हम सब की जिम्मेदारी है। जनजातीय गौरव समाज संभागीय अध्यक्ष तुलूराम कश्यप व जिलाध्यक्ष ने भगवान बिरसा मुंडा को नमन करते हुए कहा कि आदिवासी समाज के एक लीडर जननायक थे,भारत सरकार ने हर वर्ष 15 नवम्बर 2021 से जनजातीय गौरव दिवस बनाने की घोषणा की हैं। संस्कृति और भगवान बिरसा मुंडा के अमूल्य योगदान को स्मरण करने के उद्देश्य से किया गया, जिसमें समाज के सभी वर्गों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।







इस दौरान जनजातीय गौरव समाज संभागीय अध्यक्ष तुलूराम कश्यप, जिलाध्यक्ष संतोष नाग, चित्रकोट विधायक विनायक गोयल, भाजपा जिलाध्यक्ष रूपसिंह मण्डावी, दिनेश कश्यप, लच्छूराम कश्यप, बैदूराम कश्यप, भरत कश्यप, महेंद्र कश्यप, देवी प्रसाद, दुर्जन कश्यप, सोमारू कश्यप, रैतु बघेल, चंद्रभान कश्यप, मंगतू कश्यप, बसंत कश्यप सहित सैकड़ों समाज के लोगों उपस्थित थे।

# जीवनकाल का स्वर्णिम समय होता है छात्र जीवन : देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



शहर के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी हिंदी मीडियम स्कूल धरमपुरा में सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने 135 छात्राओं को साइकिल वितरण किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां

■ आत्मानंद अंग्रेजी हिंदी मिडियम उत्कृष्ट विद्यालय धरमपुरा में विधायक ने 135 छात्राओं को दिए साइकिल

सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर शुरुआत की गई।

इस दौरान विधायक देव ने कहा कि सरस्वती साइकिल वितरण योजना के तहत आज जगदलपुर शहर में छात्राओं को साइकिल वितरण किया जा रहा है। सभी छात्राओं को बधाई व शुभकामनाएं। सभी बच्चें बेहतर ढंग से पढ़ाई करें और अपने विद्यालय का नाम रोशन करें। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सोच है कि शिक्षा,स्वास्थ्य, पेयजल एवं सभी क्षेत्रों में प्रदेश का समग्र विकास करना। यही समय होता है अपने लक्ष्य निर्धारित कर रुचि रख विषय को लेकर पढ़ाई करें जीवन में शिक्षा का विशेष महत्व होता है । उन्होंने कहा कि शिक्षा को और बेहतर रूप से करने के साथ हमारी छात्राओं को स्कूल आने में परेशानी ना हो जिसके लिये सरस्वती साइकिल योजना के तहत छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा साइकिल वितरण किया जा रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों के लिए अच्छा अवसर देना हमारा कर्तव्य है। हमारी सरकार के मंशा के अनुरूप शिक्षा के क्षेत्र में आगे की ओर अग्रसर होते हुए प्रदेश में बेहतर शिक्षा देना हमारा कर्तव्य है। जगदलपुर विधानसभा के सभी स्कूलों को व्यवस्थित और बेहतर बनाया जाएगा। किसी प्रकार की कोई कमी नहीं होगी। बस्तर अंचल में प्रतिभा की कमी नहीं है। बस्तर ओलंपिक में बस्तर संभाग के बच्चों में गजब उत्साह देखने को मिला। बस्तर के बच्चों में खेल प्रतिभा की कमी नहीं है। वर्तमान में पढ़ाई के साथ खेलना भी जरूरी है।

इस दौरान विधाशरण तिवारी, आर्येंद्र आर्य, रजनीश पाणिग्राही, राजेश श्रीवास्तव, शशि रथ, एसएमडीसी सदस्य परितोष मंडल, मानिक पंत, हितेश राय, डीईओ बलिराम बघेल ,बीईओ मानसिंह भारद्वाज, भारती देवांगन, प्राचार्य हेमलता त्रिपाठी एवं स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं एमेत विद्यार्थीगण मौजूद थे।

# मातृशक्ति स्वाभिमान व स्वावलम्बन धारण करने वाली आभूषण की तरह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

संतुलित जीवन शैली के लिए केवल स्वस्थ तन की आवश्यकता नहीं सुंदर मन भी अति महत्वपूर्ण हैं। इस कथ्य को साकार किया कादम्बरी संस्था की नारी शक्तियों ने अपने मनोभावों को गढ़ते हुये आत्मकथ्य ,

■ बचेका अध्यक्ष श्याम सोमानी ने किया कादम्बरी स्मारिका का विमोचन



संस्मरण,लघु कथा, यात्रावृतांत के रुप एक सूत्र में पिरोया। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर बस्तर चेंबर ऑफ कॉमर्स के सभागार में कार्यक्रम का आयेजन किया गया। अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार मधु सक्सेना रायपुर ने की। शकुंतला तरार वरिष्ठ साहित्यकार रायपुर विशिष्ट अतिथि तथा मुख्य अतिथि बचेका अध्यक्ष श्याम सोमानी ने कादम्बरी स्मारिका पत्रिका का विमोचन किया। सरस्वती वंदना कविता बिजोलिया, नंदा कलकोटवार, रानू दुबे ने प्रस्तुत की। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था की अध्यक्ष खुदेजा खान ने मातृशक्ति की महत्ता बताते हुए स्वाभिमान व स्वावलम्बन धारण करने वाली आभूषण की तरह बताया। कार्यक्रम का संचालन भावना शर्मा ने किया। शैल दुबे ने संस्था के उद्देश्य व महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. सुषमा झा ने लेखिकाओं की भाषा शैली पर अपने सुंदर विचार रखे। उर्मिला आचार्य ने पत्रिका की रचनाओं पर अपने प्रभावशाली विचार प्रकट किये। उषा चिखलीकर ने स्मारिका पर बहुत सुन्दर पंक्तियां कही। प्रतिवेदन सचिव लक्ष्मी सिंह ने प्रस्तुत किया। आभार प्रदर्शन करमजीत कौर ने किया।

इस दौरान अनिता राज, रेखा कुमार,रानू दुबे, मधु कुशवाह,भावना शर्मा, गायत्री आचार्य, संध्या बरबरवार, सुधा परमार, सरिता पांडे, प्रभा देशपांडे, आभा सामदेकर, गोदावरी साहू, अरुणा जोबनपुत्रा, कस्तूरी मिश्रा, वंदना भदौरिया, डालेश्वरी पांडे, वनिता जैन, गीता शुक्ला, शांति देवांगन, गायत्री आचार्य, स्मृति मिश्रा, सतरुपा मिश्रा, पूर्णिमा सरोज, ज्योति चौहान, दिलीप उइके, मदन आचार्य, योगेन्द्र मोतीवाला, हम एकेडमी के प्राचार्य मौजूद रहे।

# एमबीए स्टूडेंट्स ने कामधेनु गौशाला में किए सेवा कार्य

हरिभूमि न्यूज : जगदलपुर

विभागीय सामाजिक जिम्मेदारी के तहत शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के एमबीए अध्ययनशाला की टीम ने शनिवार को ग्राम कुरंदी स्थित हैप्पी कामधेनु गौशाला में सेवा कार्य किए। इस 'नरचरिंग एंड नर्सिंग काऊ'

■ गौशाला में चारा एवं पशु चिकित्सा संबंधी दवाईयां और उपकरण भी उपलब्ध कराए




कार्यक्रम में टीम ने गौशाला में चारा एवं पशु चिकित्सा संबंधी दवाईयां और उपकरण भी उपलब्ध कराए।

इस कार्यक्रम में प्रबंधन (एमबीए) अध्ययनशाला के सेमेस्टर एक और तीन के 19 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। टीम ने दो ट्रैक्टर चारा और 50 किलोग्राम गुड़ गौशाला में दिए। इसके अतिरिक्त बीमार गायों की सेवा के लिए जरूरी मरहम पट्टी, रूई, ग्लूकोज बॉटल व सर्जरी के सामान उपलब्ध कराए। ज्ञात हो कि इस हैप्पी कामधेनु गौशाला में करीब 250 बीमार और लावारिश गायों की सेवा की जा रही है।

इस सेवा भ्रमण कार्यक्रम को नेतृत्व कर रहीं अतिथि व्याख्याता डॉ. रश्मि देवांगन ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था में गाय का बहुत बड़ा योगदान है। गाय हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था में आय के प्रमुख स्त्रोत्र हैं। कई किसान और पशुपालक गायों के पालन पर निर्भर हैं। डेयरी उद्योग और जैविक खाद के क्षेत्र में कई लोगों को रोजगार मिल रहा है। जीडीपी में डेयरी उद्योग का 4 से पांच प्रतिशत का योगदान इसकी महत्ता को दर्शाता है। विभागाध्यक्ष डॉ. विनोद सोनी के मार्गदर्शन में हुए इस कार्यक्रम में अतिथि व्याख्याता ऐश्वर्या साव और कोमल श्रद्धा बेंजमिन भी शामिल रहीं। विद्यार्थियों में नुपुर, खुशनीत, राधिका, मोहिनी, अलिशा, कुमकुम, अभय, जोशुआ जॉन, एस कथिजा, एस विजयालक्ष्मी, पलाश, प्रशांत, सईद, श्रुति, सुमित, अम्बिका, जूही, इशांक, ईशा ने भाग लिया।

### गायों की सेवा सामाजिक जिम्मेदारी

एमबीए अध्ययनशाला की इस नई पहल की सराहना करते हुए कुलपति प्रो मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि गायों की सेवा व सुरक्षा एक सामाजिक जिम्मेदारी है। हमारे समाज में गाय का विशेष धार्मिक व सांस्कृतिक सम्मान है। गौमाता में तैंतीस कोटि के देवता का वास माना जाता है। गाय को मां और समृद्धि का प्रतीक माना गया है। वेदों में गौमाता का उल्लेख है। प्रोफेसर श्रीवास्तव ने कहा कि ऐसे आयोजन से विद्यार्थियों में पशु सेवा और सुरक्षा संबंधी जागरूकता आएगी। विद्यार्थी भारतीय परंपरा और संस्कृति से जुड़ पाएंगे। गाय की सेवा के साथ वे अन्य पशुओं की सेवा के प्रति भी सहृदयता रखेंगे। गायों की सेवा में हम सबको आगे आना चाहिए।

# जामगुड़ा प्राथमिक शाला में धूमधाम से मना बाल दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर विकासखंड के संकुल केन्द्र पिपलावंड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला जामगुड़ा में 14 नवंबर को बाल दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया, जिससे पूरे वातावरण में उल्लास और उत्साह का संचार हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत प्रधान अध्यापक गिरिज राज जुरेशिया द्वारा बच्चों को जवाहरलाल नेहरू के जीवन और उनके योगदान के बारे में जानकारी देकर की गई। उन्होंने बताया कि बच्चों के विकास और उनकी शिक्षा पर हमेशा ध्यान देना चाहिए, ताकि वे एक सफल और जिम्मेदार नागरिक बन सकें। कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिसमें कविता पाठ, निबंध लेखन और खेलकूद शामिल रहे। शाला के सहायक शिक्षिका उपासना देवांगन शामिल रही, जिन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित किया और इस खास दिन को और भी खास बनाने में योगदान दिया।




# बाल दिवस पर दी शिक्षा के अधिकार अधिनियम, सायबर काईम की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बाल दिवस के अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष मनीष कुमार ठाकुर के मार्गदर्शन में गुरूवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विभिन्न स्कूलों, छात्रावासों में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव, व्यवहार न्यायाधीश अंकिता कश्यप द्वारा महारानी लक्ष्मीबाई उच्चतर माध्यमिक शाला एवं नेहरू छात्रावास जगदलपुर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया। इसमें विद्यालय एवं छात्रावास के छात्र-छात्राओं को देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिवस पर बाल दिवस मनाया जाना बताते हुए पं. जवाहरलाल नेहरू के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्हें सच्चाई की राह पर चलने हेतु प्रोत्साहित किया गया। उन्हें आज के बच्चे कल के भविष्य हैं बताते हुए अनुशासन में रहने तथा अच्छी पढ़ाई कर अपना भविष्य बनाने हेतु प्रेरित भी किया गया। साथ ही उपस्थित छात्र-छात्राओं को निःशुल्क विधिक सेवा, मौलिक कर्तव्य, शिक्षा के अधिकार अधिनियम, सायबर काईम तथा बच्चों से संबंधित विधिक जानकारियां प्रदान की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य, अध्यापकगण, छात्रावास अधीक्षक सहित विद्यालय एवं छात्रावास के छात्र-छात्राएं शामिल रहे।




# पिछड़ा वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ करेगा प्रतिभा सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ जिला बस्तर के तत्वाधान में जिले के प्रतिभाओ का जल्द ही सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मान करेगी। शुक्रवार को शहीदपार्क में हुए बैठक में निर्णय लिया गया। इस हेतु संघ के जिले के समस्त ब्लाक अध्यक्ष और जिला पदाधिकारियों के पास प्रविष्टि जमा किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए जिला सचिव नीलमणी साहू से संपर्क कर सकते है। बैठक में जिलाध्यक्ष तुलादास मानिकपुरी, सचिव नीलमणी साहू, संरक्षक बिज्जेश्वरी पोद्दार, जगदीश यादव, भूमिका निषाद, देवराज पटेल, शैलेन्द्र साहू, सीमा कठाने, यशवंत सोनवानी, श्रीमती दमयंती देवांगन, कंचन विश्वकर्मा, सितेंद्र कुमार साहू सहित संघ के सदस्य उपस्थित रहे।




# शासकीय दृष्टि व श्रवण बाधितार्थ विद्यालय में मना बाल दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

निशा स्वर वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधीतार्थ विद्यालय (आड़ावाल) में 14 नवंबर को बालदिवस मनाया गया। फाउंडर निशा नागवंशी, कोफाउंडर झरना मोहंती और वी. संतोष ने बताया कि उनका उद्देश्य बच्चों में शिक्षा और उनकी खुशियों के साथ-साथ उनके अधिकारों के प्रति समाज में जिम्मेदारी को भी बढ़ावा देने के लिए एक छोटी सी कोशिश है। निशा नागवंशी और झरना मोहंती ने विकलांग बच्चों में खुशियां बांटकर बहुत ही प्रसन्नता महसूस की और उनके साथ इस बाल दिवस को खुशियों के साथ मनाया। कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य तोमेश्वर सिन्हा और उनके सारे टीचिंग स्टाफ ने भी पूरे उत्साह और खुशी के साथ बालदिवस मनाया।

कार्यक्रम में फाउंडेशन से विशाल शुक्ला, तशिश उपाध्याय, गौरव राव एवं आदर्श शामिल रहे। कार्यक्रम में बहुत सारे आयोजन भी किए गए जहां दृष्टिहीन बच्चों ने भी इस अवसर पर नृत्य में अपनी प्रतिभा दिखाई और श्रवणहीन बच्चों ने भी कई कार्यक्रम में साथ मिल कर खुशियों के साथ बालदिवस मनाया।




